कार्यालय प्राचार्य, किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान (अग्रणी) महाविद्यालय,
रायगढ़ (छ.ग.)
Affiliated to Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya, Raigarh (C.G.)
Email - kgcraigarh1958@gmail.com www.kgcollegeraigarh.ac.in

दिनांक–01/02/2025

विशेष सूचना

(पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2024–25)

महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि जिनके द्वारा आनलाइन माध्यम से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2024–25 का आवेदन किया गया है परन्तु जिनके द्वारा आवेदन की हार्डकापी महाविद्यालय में निर्धारित तिथि एवं स्थान पर जमा नहीं किया गया है ऐसे विद्यार्थियों हेतु हार्डकापी जमा करने का अंतिम समयावधि 17.02.2025 तक कम्प्यूटर कक्ष में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ श्री केशव चौहान के पास जमा करना सुनिश्चित करें। ताकि छात्रवृत्ति स्वीकृति की कार्यवाही निश्चित समयावधि पर किया जा सके।

प्राचार्य
किरोड़ीमल शास.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय आयुक्त,
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

इन्द्रावती भवन, ब्लाक–डी (भू–तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)
☎ - 2263708, 2262558 Fax - 2262558
Email Id - pmsectshc@gmail.com

क्रमांक/औ.ला.पो.मै.छा./183/2024–25/11991 नवा रायपुर, दिनांक 27/01/2025

सीजी कॉलेज इन्फो

: : सूचना प्रकाशन : :

वर्ष 2024–25 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु ऑनलाईन पंजीयन की तिथि में वृद्धि की सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत **अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग** के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2024–25 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर)** के पंजीयन, **स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है।

जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन/प्रस्ताव/स्वीकृति वर्ष 2024–25 हेतु निम्नानुसार तिथि में वृद्धि की जा रही है :–

क्र	प्रक्रिया	अंतिम तिथि
1	विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन/ नवीनीकरण)	दिनांक 01.02.2025 से दिनांक 17.02.2025
2	Draft Proposal Lock करने हेतु	दिनांक 01.02.2025 से दिनांक 28.02.2025 तक
3	Sanction Order Lock करने हेतु	दिनांक 01.02.2025 से दिनांक 20.03.2025 तक

निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2024–25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं Draft Proposal एवं Sanction Order Lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

1. **छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है :–**
   क. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय–सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय–सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष।
   ख. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र।
   ग. छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र।
   घ. विद्यार्थी के अध्ययनरत् पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम।
2. PFMS के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं **आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की ही प्रविष्टि** करना सुनिश्चित करें।
3. वर्ष 2024–25 से संस्थाओं को जिला नोडल द्वारा प्रदाय प्रशिक्षण अनुसार Geo-Tagging किया जाना अनिवार्य है। जिन संस्थाओं द्वारा Geo-Tagging नहीं किया जावेगा, उक्त संस्था के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय नहीं की जावेगी।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ0ग0

Scanned with OKEN Scanner